अनूपगढ़ में साढ़े पांच इंच बरसात होने से घरों में दरारें आईं, कई जगह जलभराव

एसडीएम, तहसीलदार और एसएचओ क्षेत्र में सुरक्षा के बंदोबस्त में जुटे

- बरसात के कारण वार्ड 29 में एक घर मे दरार आई और गांव 71 जीबी में एक घर की दीवार गिर गई

अनूपगढ़, (निसं)। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में रात करीब दो बजे से लगातार तेज बरसात का दौर जारी है। रात से हो रही बरसात के बाद अब तक करीब 140 एमएम (साढ़े पांच इंच) बरसात शहर में हो चुकी है, जिस कारण शहर की गलियों में पानी भर गया है।

बरसात के कारण वार्ड 29 में एक घर में दरार आ गई और वही गांव 71 जीबी में एक घर की दीवार गिर गई। बाजार में 2 दुकानों के छज्जे भी गिर गए। एसडीएम सुरेश राव, तहसीलदार श्रीवर्धन शर्मा और एसएचओ ईश्वर जांगिड़ सुबह से ही क्षेत्र में सुरक्षा के बंदोबस्त में जुटे हुए हैं। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ के द्वारा आमजन से घरों में रहने की अपील की जा रही है। एसडीएम सुरेश राव ने आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है। शहर के प्राचीन गढ़ की एक बुर्जी भरभराकर गिर गई। सारा मलबा सड़क पर आ गिरा। मिस्त्री मार्केट में दो दुकानों के छज्जे गिर गए। 33 ए के पास के ए वितरिका में कटाव आ गया। स्थिति यह है कि वार्ड नंबर 11 में एक खाली प्लाट की दीवारें ढह गई तो वहीं वार्ड नंबर 29 में एक घर के कमरों में दरारें आ गई तथा छत से पानी टपकने लगा। इस पर वार्ड नंबर 29 के पार्षद मुराद खान ने तुरंत घर खाली करवाकर मकान मालिक के परिवार को अन्य जगहों पर शिफ्ट किया।

मुराद खान ने बताया कि पुन्नू खान पुत्र बप्पा खान निवासी वार्ड नंबर 29 अपने परिवार के साथ दो कमरों के मकान में रहता है। अत्यधिक बरसात होने के कारण उसके मकान में दरारें आ गई है जिस कारण एक बार के लिए उन्हें अपना घर छोड़ना पड़ा है।

शहर में लगातार हो रही बरसात के बाद पुलिस थाना रोड, गौरव पथ, वेयरहाउस रोड, प्रेम नगर, वार्ड नंबर 24, वार्ड नंबर 17, वार्ड नंबर 27, वार्ड नंबर 21 सहित विभिन्न वार्डों की गलियों में पानी गया है। नगर पालिका प्रशासन पानी निकासी की व्यवस्था में जुटा हुआ है।

कृषि विभाग के सहायक निदेशक (कृषि विस्तार) जसवंत सिंह बराड़ ने बताया कि इतनी बारिश धान की फसल को छोड़कर सभी फसलों के लिए अब नुकसानदायक है। रात करीब एक बजे से लगातार हो रही बरसात के बाद जिला कलेक्टर डॉक्टर मंजू ने आपातकालीन स्थिति को देखते हुए स्कूलों में आंगनबाड़ियों में आज का अवकाश घोषित किया है। इस बीच स्कूल स्टाफ स्कूल में मौजूद रहेगा। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ द्वारा भी शहरवासियों से अपील की जा रही है कि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकले तथा सुरक्षित स्थान पर ही रहे।

सवाई माधोपुर शहर में विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न

प्रशासन ने भारी बारिश से प्रभावित नागरिकों को राहत सामग्री पहुंचाई

- भोजन, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था के लिए विशेष टीमें तैनात, कंट्रोल रूम स्थापित

सवाई माधोपुर, (निसं)। हाल ही में सवाई माधोपुर शहर में हुई भारी वर्षा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे आमजन के दैनिक जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशानुसार नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा प्रभावित नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराने शहर की कई कॉलोनियों-जैसे अंसारी मोहल्ला, मिर्जा मोहल्ला, ब्रह्मपुरी, कुम्हार मोहल्ला, रैगर मोहल्ला एवं गुरुद्वारे के पास में जलभराव के चलते आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए नगर परिषद द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में प्रातः एवं सायं काल जल टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही, आज नगर परिषद की टीम एवं पार्षदों के सहयोग से उक्त क्षेत्रों में लगभग 1000 भोजन पैकेटों का वितरण किया गया।

आयुक्त ने बताया कि सभी प्रभावित बस्तियों में सफाई व्यवस्था के लिए सफाईकर्मियों की विशेष टीम लगाई गई है, जो लगातार सफाई कार्य में जुटी हुई है। नगर परिषद द्वारा यह राहत कार्य आगामी दिनों में भी सतत रूप से जारी रखा जाएगा। साथ ही, आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को राहत से संबंधित सहायता की आवश्यकता हो, तो वह नगर परिषद के कंट्रोल रूम पर संपर्क करें।

तालाब के पानी में बहे बालक का शव पाइप में फंसा मिला

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

टोंक, (निसं)। टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र के गोलेड़ा गांव के तालाब के ओवरफ्लो पानी की रपट पर साथियों के साथ नहाते समय बहे 13 वर्षीय बालक का शव नौ घंटे बाद गुरुवार रात को घटनास्थल से कुछ दूरी पर छोटी पुलिया के नीचे सीमेंट के पाइप में फंसा मिला। रेस्क्यू कर रही एसडीआरएफ की टीम ने शव पुलिस को सौंप दिया, बाद में पुलिस ने शुक्रवार को बालक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

टोड़ारायसिंह तहसीलदार राहुल पारीक ने बताया कि गोलेड़ा निवासी अर्पित शर्मा पुत्र दौलत शर्मा जो गुरुवार दोपहर को गांव के तालाब की चल रही चादर के पानी में नहा रहा था, जहां उसका सन्तुलन बिगड़ने से वह पानी के बहाव में बह गया। बाद में उसके साथ नहा रहे बच्चों के चिल्लाने पर ग्रामीण वहां आये तथा बच्चों के बताए अनुसार उसकी तलाश करना शुरु की। बाद में पुलिस और उसके परिजनों को भी सूचना दी। कुछ देर बाद परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर ही एसडीआरएफ की टीम बुलाकर बालक की तलाश शुरू की, टीम ने बीती रात को ही घटना स्थल के पास नाले की पुलिया के नीचे पाइप में फंसे बच्चे के शव को निकाला।

हिरण का शिकार करने वाला गिरफ्तार

बीकानेर, (निसं)। वन विभाग की टीम ने 27 जुलाई की शाम को कानासर की रोही में गोली मारकर दो हिरणों का शिकार करने के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सात साल पहले बदरासर की रोही में दो हिरण और खरगोश का शिकार करने के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया तो उससे पूछताछ में कानासर की रोही में शिकार करने वाले नामजद हो गए।

वन विभाग के रेंजर महावीर रुहिल ने बताया कि रविवार की शाम को कानासर की रोही में दो चिंकारा हिरणों का गोली मारकर शिकार किया गया था। मौके से मृत हिरण बरामद हुए, लेकिन शिकारी फरार हो गए थे। पूर्व में 24 मई, 18 को 19 जेएमडी बदरासर की रोही में दो मादा हिरण और खरगोश का शिकार किया गया था जिसमें 10 अभियुक्त नामजद थे। तीन को गिरफ्तार किया गया और सात फरार थे। उनमें से बदरासर कावनी निवासी लखाराम को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। उसने कानासर की रोही में शिकार करने वाले जसवंत का नाम भी उगल दिया। वन विभाग की टीम ने जसवंत को गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है। पुराने मामले में गिरफ्तार लखाराम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पैंथर ने मवेशियों का शिकार किया

मसूदा, (निसं)। मसूदा क्षेत्र के उत्तमी ग्राम में एक बार फिर पैंथर ने मवेशियों का शिकार किया। करीब एक दर्जन मवेशियों को निवाला बना दिया। बीती रात कस्बे वासियों द्वारा एक खेत में पैंथर के शावक देखे गए, जिसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर अधिकारी द्वारा शावक की फोटो देखकर जंगली बिल्ली के बच्चे बता कर इतिश्री कर ली, लेकिन जब रात को उन्हीं शावक की मादा द्वारा मवेशियों को शिकार किया गया तो ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। सरपंच प्रतिनिधि लाला काठात ने बताया कि इन शावकों की सूचना विभाग को रात को ही दे दी गई थी।

महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

- फाइनेंस कंपनी का अफसर बनकर रेप किया था

अलवर, (निसं)। अलवर शहर के एनईबी थाना पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर एक विवाहिता से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 27 वर्षीय हुकुम सिंह है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरवरी 2025 में आरोपी ने खुद को फाइनेंस कंपनी में अधिकारी बताते हुए पीड़िता से संपर्क किया और उसे लोन दिलवाने का झांसा दिया। पीड़िता ने भी भरोसा कर लिया। इसके बाद महिला आरोपी के जाल में फंसती गई। अधिक पैसा लोन दिलाने का झांसा देकर महिला से रेप किया। जब लोन नहीं मिला तो घटना के बाद पीड़िता ने साहस जुटाकर एनईबी थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज करते ही आरोपी की तलाश शुरू की। अब उसे अरेस्ट कर लिया। रेप व लोन का झांसा दिलाने से जुड़े सबूत भी पुलिस ने जुटाए हैं। इस मामले में गहनता से जांच हो रही है।

थाना प्रभारी ने मामले की पूरी जानकारी अलवर एसपी को भी दी है। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने गुरुवार को आरोपी हुकुम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

स्कूल के जर्जर कमरों को प्रशासन ने ध्वस्त करवाया

महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, भंवर कलां गेट के जर्जर कमरों को धवस्त किया।

- एसडीएम की सूझबूझ से समय रहते बची बड़ी दुर्घटना, छात्रों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त
- तोड़े गए कक्षों की हालत देखकर यह स्पष्ट हुआ कि वे पूरी तरह मिट्टी और पत्थर से निर्मित थे और बरसात के पानी से दीवारें गीली हो चुकी थीं

भीलवाड़ा, (निसं)। झालावाड़ जिले में हाल ही में एक स्कूल की छत गिरने की घटना के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। सरकार के निर्देशानुसार राज्य के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय स्कूलों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है ताकि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके।

इसी क्रम में सोमवार को जहाजपुर उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, भंवर कलां गेट का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कुछ कक्षों की हालत अत्यंत जर्जर पाई गई, जिस पर तत्काल प्रभाव से उन कमरों को बंद करने तथा अत्यधिक क्षतिग्रस्त कक्षों को गिराने के आदेश दिए गए थे। शुक्रवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए विद्यालय के जर्जर कक्षों पर बुलडोजर चलवाया। तोड़े गए कक्षों की हालत देखकर यह स्पष्ट हुआ कि वे पूरी तरह मिट्टी और पत्थर से निर्मित थे और बरसात के पानी के कारण उनकी दीवारें पूरी तरह गीली हो चुकी थीं। समय रहते यदि इन्हें नहीं गिराया जाता, तो किसी भी समय दीवारें या छत गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था। विद्यालय में शिक्षारत छात्रों एवं स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई एहतियातन और आवश्यक मानी जा रही है। उपखंड अधिकारी ने बताया कि ऐसे सभी स्कूल भवनों की जांच जारी है और जहां भी खतरे की स्थिति दिखेगी, वहां बिना देरी के कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की तत्परता से संभावित हादसा टल गया, और एक बार फिर यह सिद्ध हुआ कि सतर्कता और समय पर लिया गया निर्णय, जान-माल की बड़ी क्षति से बचा सकता है।

अलवर के बड़े अस्पताल सहित करीब बीस चिकित्सा भवन जर्जर हालत में

अलवर, (निसं)। अलवर के बड़े अस्पताल सहित करीब बीस चिकित्सा भवन जर्जर हालत में है। यहां भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। अस्पताल के वार्ड टपक रहे है। प्रशासन को बच्चों के अलावा मरीजों और स्कूल स्टाफ की सुध लेनी चाहिए।

भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिला कलेक्टर आर्तिका शुक्ला ने कक्षा एक से 12 तक के बच्चों की लगातार तीन दिन से छुट्टी कर रखी है, लेकिन स्कूल स्टाफ को स्कूल में आना होगा। अब सवाल यह उठता है कि यह भारी बारिश में अवकाश का प्रावधान झालावाड़ हादसे के बाद हुआ है। प्रशासन को भय है कि अलवर जिले में करीब दो सौ से ज्यादा जर्जर स्कूल भवन है। कहीं अलवर में भी झालावाड़ जैसी पुनवृर्ती ना हो जाए इसी को मद्देनजर रखते हुए बच्चों की तीन दिन से लगातार जिला कलेक्टर के आदेश पर अवकाश जारी कर दिए गए। वहीं अलवर जिला अस्पताल के महिला वार्ड की छत टपक रही है। मरीजों के बेडों को इधर से उधर खींचकर उन्हें पानी से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह प्रयास पिछले साल से किए जा रहे हैं।

वार्ड प्रभारी ने बताया कि उन्हें अनेकों बार अस्पताल प्रशासन को लिखित में दे रखा है लेकिन जिला प्रशासन ने आज तक इस समस्या को नजरअंदाज किया हुआ है। हो सकता है कि अस्पताल प्रशासन किसी हादसे का इंतजार कर रहा हैं।

जिले में 20 चिकित्सा केंद्र जर्जर भवन में संचालित हो रहे हैं। सीएमएचओ कार्यालय भवन भी जर्जर है। करीब एक साल से डिप्टी सीएमएचओ व आरसीएचओ कार्यालय के नए भवन में अस्थायी रूप से सीएमएचओ कार्यालय का संचालन किया जा रहा है।

जिले में 2 पीएचसी, 3 सीएचसी और 15 उप स्वास्थ्य केन्द्र (सब सेंटर) जर्जर भवन में संचालित हैं। इसमें बहतुकलां व चांदोली पीएचसी एवं उमरैण, गोविंदगढ़ व लक्ष्मणगढ़ सीएचसी भवन के हालात खराब हैं। इसके अलावा खेरली सैय्यद, गोठड़ा, रतनगढ़, खेड़ी, नंगली बंजरीका, खोह, बगड़-तिराहा, रामपुरा, परवेणी, उकेर, भूड़ा, घाटला, झारखेड़ा, देसूला व भजीट सब सेंटर के भवन भी जर्जर हालत में हैं। कभी भी हादसा हो सकता है।

जिला अस्पताल परिसर में संचालित जीएनएमटीसी व एएनएमटीसी का भवन भी जर्जर अवस्था में हैं। यहां कमरों का प्लास्टर झड़ने के साथ ही छज्जे गिराऊ हालत में हैं। करीब एक साल पहले शिशु अस्पताल की गैलरी से प्लास्टर उखड़कर गिरा था, जिसे अभी तक सही नहीं किया जा सका है और वार्ड में मरमत कार्य हो सका है। अस्पताल के छज्जे भी गिराऊ हालत में है, जिसके कारण कभी भी फिर से कोई हादसा हो सकता है। पिछले साल भी शिशु अस्पताल में प्लास्टर गिरने से महिला सहित कुछ लोग घायल हो गए थे। हालांकि अभी जिला अस्पताल में मरम्मत कार्य चल रहा है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कार्य की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में बने छज्जों की ढाल भी सही नहीं है। इसके कारण छत का पानी नीचे गिरने की जगह उसका दीवारों में रिसाव हो रहा है।

जिले में 107 चिकित्सा संस्थान ऐसे हैं, जिनको खुद विभाग ने मरमत योग्य माना है। ये चिकित्सा संस्थान बारिश के दौरान स्टाफ और मरीजों के लिए आफत बने हुए हैं। कहीं छत से पानी का रिसाव होने से सीलन हो रही है, तो कहीं चूना झड़ कर गिर रहा है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार खेरली ब्लॉक में 27, मालाखेड़ा में 8, थानागाजी में 17, रामगढ़ में 27, रैणी में 8, उमरैण में 11, गोविंदगढ़ व लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक में 4-4 चिकित्सा संस्थान मरमत योग्य हैं। उप स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत ज्यादा खराब है। अलवर शहर का पहाड़गंज यूपीएचसी भी इसमें शामिल है।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल फुलेरा, जिला-जयपुर

क्रमांक/न.पा.फु./नि.शा/2025-26/992 दिनांक : 31.07.2025

-: निविदा सूचना :-

नगर पालिका फुलेरा की और से नियमानुसार विभिन्न कार्य हेतू करवाये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा सूचना से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर NIB Code- DLB2526A4140 द्वारा देखी जा सकती है। तथा उक्त कार्यो के UBN Number – DLB2526WSOB13140, DLB2526WSOB13141 है।

राज.संवाद/सी/25/7347 अधिशाषी अधिकारी

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION DHOLPUR

File No. 1056-67 Date: 22.07.2025

Notice Inviting Bid

NOB CODE: PWD2526A2158 and UBN is: PWD2526WSOB07801
NOB CODE: PWD2526A2158 and UBN is: PWD2526WSOB07803

Bids For NIT No. 03/2025-26 Mise. Work of PWD Division Dholpur of subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 24.07.2025 11.00 AM to Date 04.08.2025 upto 6.00 PM. Other particulars of the id may be visited on the procurement portel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 60.00 Lacs.

(Naresh Chand Meena)
Executive Engineer
PWD Division Dholpur

DIPR/C/10609/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चॅवली परियोजना नहर खण्ड, झालावाड़

क्रमांक-निविदा/2025-26/1372-85 दिनांक- 24.07.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 05/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से Tree Plantation in mission Hariyalo Rajasthan कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित कुल लागत राशि रू. 66.90 लाख है। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से http://www.eproc.rajasthan.gov.in की वेबसाईट से डाउनलोड एवं अपलोड की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट http://www.waterresources.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 25.07.2025 प्रात 9.30 बजे से दिनांक 04.08.2025 सायं 06.00 बजे तक से http://www.eproc.rajasthan.gov.in से Upload की जा सकती है/देखी जा सकती है।

NIB CODE: WRD2526A0278, UBN is WRD: WRD2526WSOB00753

(वीरेन्द्र सिंह) अधिशाषी अभियन्ता
चॅवली परियोजना नहर खण्ड झालावाड़

DIPR/C/10776/2025

कार्यालय नगर पालिका, बालेसर सत्ता (जोधपुर) राज.

Municipal Board, Balesar Satta (Jodhpur) Rajasthan e-mail:- eombbalesar2022@gmail.com

क्रमांकः- न.पा.बाले.सत्ता/स्टोर/2025-26/648 दिनांकः- 24.07.2025

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना (2025-26)

(NIB NO.- DLB2526A3901)

नगरपालिका बालेसर सत्ता की ओर से नगरपालिका बालेसर सत्ता एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया अनुसार सफाई श्रमिक व स्वास्थ्य निरीक्षक आपूर्ति कार्य की ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है । जिसकी अनुमानित लागत 24.90 लाख रू. की निविदा ऑनलाईन जारी की दिनांक एंव निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक नगरपालिका बालेसर सत्ता — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बालेसर सत्ता

राज.संवाद/सी/25/7328

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/111 - 113 Date : 30/07/2025

ई-निविदा सूचना संख्या : 29/2025-26

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 1552.17 लाख (02 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	01.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 28.08.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	01.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 28.08.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	29.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे (तकनिकी बिड)

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2526WLOB00196, ITU2526WLOB00197

अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/7342

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा अभि विभाग, खण्ड कोलायत

क्रमांक-1244 दिनांक-24.07.2025

Notice Inviting Bid: 16-26/2025-26

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 05.08.2025 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 300.70 lacs and maximum value of single work in this procurement is 29.92 lac.

NIT NO.	16	17	18	19
UBN NO.	PHE2526WSOB 04930	PHE2526WSOB 04931	PHE2526WSOB 04933	PHE2526WSOB 04934
NIT NO.	20	21	22	23
	PHE2526WSOB 04935	PHE2526WSOB 04936	PHE2526WSOB 04937	PHE2526WSOB 04938
NIT NO.	24	25	26	
	PHE2526WSOB 04939	PHE2526WSOB 04940	PHE2526WSOB 04941	

जल सीमित हैं, इसकी बचत करें।

(धर्मेन्द्र कुमावत)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत

DIPR/C/10553/2025

Municipal Council Dholpur

No. – 1969-71 Date- 31.07.2025

Notice Inviting Tender (E-12)

N.I.T. is invited on behalf of Governor of Rajasthan by Municipal Council Dholpur for Pani nikasi work from Registered Contractor the amount of work is 28 lacs and UBN No. are has under.

UBN No- DLB2526SLOB13135

For detail visit www.sppp.rajathan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in

Commissioner
Municipal Council Dholpur

Raj.Samwad/C/25/7378

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) कॉर्पोरेट कार्यालय, 04, जीत मार्ग, उदयपुर- 313001(राज.)
फोन नम्बर: (0294)2428768/2428763-67, फैक्स: (0294)2428768,2428739

ई-निविदा सूचना दिनांक :- 01/08/2025

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
ई-निविदा संख्या 06/2025-26 UBN No. MML2526SLRC00072	GSFC के वड़ोदरा स्थित प्लांट से झामरकोटड़ा खदान, उदयपुर तक फास्फोरिक एसिड की आपूर्ति हेतु। अनुमानित मात्रा – 2000 MT, धरोहर राशि (रु. में) 48,000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में) 1180/-

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (एमएम) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/7336 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

Office of the Medical Superintendent

RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur
Sector-11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur -302033(Raj.)
दूरभाष: 0141-2795577, Email: supdt.hms@ruhsraj.org, ruhshmstore@ruhsraj.org

No. :- F. ( ) RUHS HMS/Store/2025-26/7501 Date :- 31/07/2025

Notice Inviting e-Bids

Single Stage Two envelope Online bids (e-bids) are invited up to 02.00 pm of 28-08-2025 for Supply and Installation of Various Equipment/Items at Dept. of Ophthalmology, RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur. (Total Est. Cost Rs. 6,17,00,000.00). Details may be seen in the Bidding Documents at the Website sppp.raj.nic.in, or eproc.rajasthan.gov.in. UBN : CMS2526GLOB00064-68, 71-72, 75-77, CMS2526GSOB00069-70, 73-74

Medical Superintendent,
RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur

Raj.Samwad/C/25/7349

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष सं. 0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट www.udaipurmc.org

क्रमांक : निविजा/2025-26/ई -18 दिनांक :- 29.07.2025

(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या – ई 18/2025-26

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 27.72 लाख के कुल 02 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 30.07.2025 एवं अंतिम तिथि 11.08.2025 तथा निविदा खुलने की तिथी 12.08.2025 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No. UNP2526WSOB00061

राज.संवाद/सी/25/7299 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर

कार्यालय नगर निगम जोधपुर दक्षिण

(नगर निगम भवन, पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर)
(ceo_nnj@rediffmail.com Tel: 0291-2651464)

क्रमांकः- 11336 दिनांकः- 31.07.2025

निविदा सूचना

UB NO. DLB2526SSOB13182

नगर निगम जोधपुर दक्षिण में दस वुड चीपर थ्री व्हीलर मशीन आपूर्ति करने हेतु विनिर्माता/अधिकृत विक्रेता/रजिस्टर्ड फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjs एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
नगर निगम जोधपुर दक्षिण

राज.संवाद/सी/25/7316

कार्यालय नगर पालिका मण्डल नापासर(बीकानेर)

E-mail:- eonagarpalikanapasar@gmail.com

क्रमांकः-न.पा.ना.पा/निर्माण/2025-26/709 दिनांक 28.07.2025

ई- निविदा-सूचना सं0 17/निर्माण/2025-26

नगर पालिका नापासर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 17.90 लाख
UBN Number :- DLB2526WSOB13070

राज.संवाद/सी/25/7334 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-मण्डरायल

क्रमांक-360-375 दिनांक-18.07.2025

ई-निविदा सूचना संख्या-05/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एए, ए, बी, सी व डी श्रेणी एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए व ए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE : PWD2526A2074, UBN NO. (1) PWD2526WSOB07484 (2) PWD2526WSOB07488, (3) PWD2526WSOB07490

(समय सिंह मीना) अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड मण्डारायल

DIPR/C/10365/2025

राजस्थान सरकार

निदेशालय आयुर्वेद विभाग, राजस्थान, अजमेर

क्रमांक-प.2/आ.मि./कॉटन बैण्डेज उपा./2025-26/ दिनांक-21.07.2025

ई-बोली विज्ञप्ति वर्ष 2025-26

(विभागीय चिकित्सालय/औषधालयों हेतु कॉटन, बैण्डेज का क्रय)

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभागीय चिकित्सालय/औषधालयों के उपयोगार्थ कॉटन, बेण्डेज की विभागीय रसायनशालों पर आपूर्ति हेतु राजस्थान में स्थित पंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन अधिकृत ईकाइयों वाले इच्छुक बोलीदाताओं से क्रय की कुल अनुमानित राशि रू. 150.00 लाख रू. ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कॉटन, बेण्डेज के क्रय हेतु फॉर्म डाउनलोड प्रारंभ करने की दिनांक 21.07.2025 सायं 6.00 बजे से एवं स्वीकार करने की अंतिम तिथि 13.08.2025 प्रात 11.00 बजे रखी गई है।

बोली से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, https://dipr.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है।

Job wise Cotton, Bendez UBN NO.- AYU2526GLOB00261

DIPR/C/10607/2025 निदेशक

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड द्वितीय, धौलपुर

E-mail:- ee2wrddlp@gmail.com, Add- Irrigation Colony G.T. Road Dholpur-328001

क्रमांक-/निविदा/2025-26/782 दिनांक-25.07.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से Mission Hariyalo rajasthan के अंतर्गत Plantation work हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित कुल लागत राशि रू. 64.12 लाख है। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से http://www.eproc.rajasthan.gov.in की वेबसाईट से डाउनलोड एवं अपलोड की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट http://www.waterresources.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 26.07.2025 प्रात 9.30 बजे से दि